तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 29 जुलाई 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज



2 हर-हर महादेव के जयकारे से गूंजी छुरीगढ़ कांवड़ यात्रा





आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in


# टूटने के कगार पर सकेतवा डेम, चार गांवों को कराया गया खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बलरामपुर-रामानुजगंज





बलरामपुर जिले में लगातार हो रही भारी बारिश से पवई फॉल में बने सकेतवा बांध के टूटने का खतरा बढ़ गया है। डेम में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई है। डैम के टूटने की संभावनाओं को देखते हुए आसपास के इलाकों से लोगों को बाहर निकाला जा रहा है। प्रशासन के आला अधिकारी रात में ही सकेतवा डेम पहुंच गए थे। लगातार बारिश को देखते हुए प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है।

बलरामपुर-रामानुजगंज करीब सकेतवा बांध लगातार बारिश की वजह से लबालब भरा हुआ है। वहीं बांध में आई बड़ी दरारों को देखने के बाद बांध के टूटने की आशंका के मद्देनजर चार गांवों के रहवासी ग्रामीणों को बाहर निकाला जा रहा है। 27 जुलाई की रात सभी ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर विस्थापित कर दिया गया था। प्रशासन एवं एसडीआरएफ की टीम रात ही से मोर्चा संभाल लिया है। उनका एवं जल संसाधन विभाग का मानना है कि यदि बारिश लगातार जारी रहा तो बांध के टूटने का खतरा पूरी तरह से बढ़ जाएगा, ऐसे में विभाग एवं प्रशासन को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

### बांध से पानी निकालने हो रहा प्रयास

खतरे के जद में आए सकेतवा बांध के टूटने की संभावना को देखते हुए बांध के दूसरे हिस्से में नहर जैसा बनाकर पानी निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं। किसी भी प्रकार से जानमाल का नुकसान ना हो इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है। प्रभावित होने की संभावना वाले चार गांवों जमुआटांड, खाड़िया डामर बुरूडीह व डूमरखोला में रहने वाले तकरीबन 2 हजार लोगों की आबादी को गांव खाली कराकर सुरक्षित ठिकानों मे ले जाया गया है।

-आनंद नेताम, एसडीएम, बलरामपुर-रामानुजगंज

## जानकारी के अभाव में बन रहे ठगों के साझेदार

# सरगुजा में साइबर ठगों ने फैलाया म्यूल अकाउंट का जाल, झांसे में फंस रहे युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



**खास बात**

- संभाग में अब तक 86 लोग हुए गिरफ्तार

म्यूल अकाउंट एक ऐसा खाता जिसका उपयोग देश ही नहीं दुनिया भर में बैठे साइबर ठग कर रहे है। साइबर ठग अपने काले कारोबार को चलाने के लिए दूसरों के नाम के खातों का उपयोग कर रहे है और करोड़ो-अरबों की कमाई कर रहे है लेकिन इन साइबर ठगों के जाल में युवा वर्ग बुरी तरह से फंस गया है। कहीं अनजाने में तो कहीं थोड़े से पैसों के लालच में युवाओं ने अपने दस्तावेज साइबर ठगों को उपलब्ध करा दिए और अब उन्हें इसकी सजा भुगतनी पड़ रही है। जानकारी के आभाव और लालच में अब वे भी साइबर ठगों एक अपराध में साझेदार बन गए है। सरगुजा संभाग की बात की जाए तो यहां पिछले चार महीनों में ही 153 म्यूल अकाउंट से करोड़ो की ठगी के मामले में 48 एफआईआर दर्ज किए गए है।

साइबर ठगों का जाल देश ही नहीं दुनियाभर में फैला हुआ है। प्रतिदिन साइबर ठगों द्वारा किसी ना किसी तरीके से लोगों को अपने जाल में फंसाकर ठगी का शिकार बनाया जा रहा है और लोग इनके झांसे में आकर अपनी गाढ़ी कमाई गवां रहे है। साइबर ठगों को पकड़ना वर्तमान में पुलिस के लिए एक चुनौती बना हुआ है और पुलिस इसमें कार्रवाई भी कर रही है लेकिन इन सब के बीच अचानक से एक नया नाम निकलकर सामने आया है म्यूल अकाउंट। म्यूल अकाउंट का उपयोग साइबर ठगों द्वारा किया जाता है। ये वो खाते है जिनका मालिक तो कोई और होता है लेकिन खाता संचालन साइबर ठग करते है और बड़ी ही आसानी से लोगों से ठगी गई राशि का आदान प्रदान इन खातों में करते है। इन म्यूल अकाउंट के कारण ही पुलिस के लिए साइबर ठगों को पकड़ना मुश्किल हो जाता है। यही वजह है कि अब भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र (आईफोरसी) द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल (ज्वाईट साइबर क्राईम कार्डिनेशन टीम मैनेजमेंट इन्फारमेंशन सिस्टम) के माध्यम से इन म्यूल अकाउंट की जांच की जा रही है और साइबर ठगों को म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराने वालों की पहचान कर उनपर कार्रवाई की जा रही है।

### संभाग में 833 संदिग्ध खाते, 153 की जांच पूरी

सरगुजा संभाग में भी पुलिस की ओर से म्यूल अकाउंट को लेकर कार्रवाई तेज कर दी गई है। संभाग भर में अब तक 833 संदिग्ध खातों की पहचान की गई है। इनमें से अब तक 153 म्यूल अकाउंट की जांच पूर्ण कर कुल 48 एफआईआर दर्ज किए गए है। इन प्रकरणों में कुल 86 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। आंकड़ों पर नजर डाले तो सरगुजा जिले में 12 प्रकरण दर्ज किए गए जिनमे 29 म्युल अकाउंट शामिल है, जशपुर में 3 एफआईआर दर्ज किए गए जिनमे 3 म्युल अकाउंट शामिल है, कोरिया जिले में इस तरह के 2 अपराध दर्ज हुए जिनमे 30 म्युल अकाउंट का उपयोग किया गया, बलरामपुर जिले में 7 प्रकरण दर्ज हुए जिनमे 26 म्युल अकाउंट से राशि ट्रांसफर की गई। एमसीबी में 3 प्रकरणों में 3 म्यूल अकाउंट सामने आए जबकि सूरजपुर जिले में सबसे ज्यादा 21 प्रकरणों में 62 म्यूल अकाउंट से राशि ट्रांसफर की गई।

### क्या है म्यूल अकाउंट

पुलिस के अनुसार साइबर ठगों द्वारा लोगों से ठगी गई रकम को लेनदेन के लिए दूसरों के खातों को किराए पर लिया जाता है। पुलिस के अनुसार साइबर ठगी करने वालों द्वारा ठगी से अर्जित गई रकम अपने बैंक खातों में जमा नहीं कराते इसके लिए वे दूसरों के बैंक अकाउंट का उपयोग करते हैं। इसके एवज में खातेदार को कुछ रकम दी जाती है। बैंक अकाउंट, डिजिटल वॉलेट या अन्य वित्तीय माध्यमों का उपयोग साइबर अपराधी ठगी की रकम या अवैध धन को एक जगह से दूसरी जगह ट्रांसफर करने में करते हैं। ठगी की रकम को खपाने के लिए उनको बैंक खाते या वॉलेट की जरूरत पड़ती है। इसके लिए म्यूल अकाउंट का इस्तेमाल करते है। किसी व्यक्ति को पैसा नौकरी, इनाम या निवेश का लालच देकर अपने जाल में फंसाते हैं।

### झांसे में आ रहे लोग

म्यूल अकाउंट के मामले में पुलिस की जांच में कई बड़े खुलासे हो रहे है। ज्यादातर मामलों में यह बात सामने आई है कि साइबर ठगों ने लोगों को थोड़ी बहुत कमाई का लालच देकर उनके आधार कार्ड, फोटो व अन्य दस्तावेज ले लिया और उसका उपयोग कर उन्होंने खाते खुलवा लिए। ठगों के पास ही दूसरों के नाम से खोले गई बैंक खातों के पासबुक, एटीएम कार्ड होते है। इसके बदले उन्हें कुछ कमीशन भी दिया जाता है। जिन लोगों ने लालच में आकर थोड़े से कमीशन के चक्कर में अपने दस्तावेज दे दिए और कमीशन की राशि आहरित कर ली वे भी इन जालसाजों के कारोबार में शामिल हो गए और ऐसे लोगों को पुलिस ने आरोपी बनाया है लेकिन कॉलेज के छात्र, मजदूर, किसान और अनपढ़ लोग भी है जिनके खातों को किसी ना किसी बहाने से ले लिया और दस्तावेजों का उपयोग म्यूल अकाउंट को खोलने में किया गया। सरगुजा जैसे आदिवासी अंचल में इस तरह के अनेकों मामले सामने आए जिसमें लोगों को पता ही नहीं था कि उनके नाम से अकाउंट संचालित हो रहे है और उनके खातों का उपयोग साइबर ठगी में किया जा रहा है।

### चल रही है कार्रवाई

म्यूल अकाउंट के मामले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। कई मामलों में लोग ठगों के झांसे में आकर अपने दस्तावेज उपलब्ध करा दे रहे है और उनके दस्तावेजों का उपयोग गलत तरीके से किया जा रहा है। पुलिस म्यूल अकाउंट पर कार्रवाई करने के साथ ही लोगों से आह्वान कर रही है कि लोग अपने महत्वपूर्ण दस्तावेज किसी भी व्यक्ति के साथ साझा ना करें और जालसाजों के झांसे में ना आए।

-राजेश अग्रवाल, एसएसपी सरगुजा

# आरक्षक पर महादेव सट्टा एप के संचालन का आरोप, फरार सटोरिया ने वायरल किया वीडियो

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पुलिस विभाग में मचा हड़कंप, एसपी ने दिया जांच का आदेश



प्रदेश के बहुचर्चित महादेव सट्टा एप मामले में एक नया मामला मोड़ आया है। सट्टा कारोबार के मामले में फरार चल रहे सटोरिया सत्यम केशरी ने एक वीडियो जारी कर पुलिस विभाग के ही एक आरक्षक पर गंभीर आरोप लगया है। सटोरिया का आरोप है कि सरगुजा में महादेव सट्टा एप का संचालन खुद आरक्षक प्रवीण सिंह द्वारा ही किया जाता था और उसे एक महीने में ही 48 लाख रुपए तक का मुनाफा कमा कर दिया गया। इस सट्टा कारोबार का संचालन भी आरक्षक के किराए पर संचालित मकान में किया जाता था। सटोरिया का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है और पुलिस विभाग की कार्यशैली सवालों के घेरे में आ गई है। वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी ने इसकी जांच के निर्देश दे दिए है।

बता दें कि पूर्व की भूपेश बघेल सरकार में महादेव सट्टा कारोबार चर्चा में आया और इस सट्टा कारोबार का जाल प्रदेश से लेकर विदेश तक फैला हुआ था। इस सट्टा कारोबार का संचालन सरगुजा जिले में भी किया जाता था और सट्टा कारोबार के मामले में पुलिस ने कई बड़ी कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है जबकि कई आरोपी अभी भी फरार चल रहे है और इनमें से ही एक सटोरिया सत्तीपारा निवासी सत्यम केशरी ने एक वीडियो वायरल किया है। वायरल वीडियो में युवक ने पुलिस विभाग के आरक्षक प्रवीण सिंह पर गंभीर आरोप लगाया है। सटोरिया सत्यम केसरी का आरोप है कि उसने आरक्षक प्रवीण सिंह से काम मांगा था जिसके बाद प्रवीण सिंह उसे अपने गाढ़ाघाट स्थित किराए के मकान में ले गया जहां आइसोल का नेट लगाकर सट्टा का कारोबार चलाया जा रहा था। इस दौरान सट्टा किंग अमित मिश्रा उर्फ पहलु, जिमी व आरक्षक प्रवीन सिंह द्वारा उनसे महादेव सट्टा एप का काम कराया जाता था। आरक्षक के किराए के कमान में उसने 21 फरवरी 2023 से काम शुरू किया था और उसके साथ वहां हर्षवर्धन, लखन त्रिपाठी, हर्शल भी मौजूद था। युवक का दावा है कि उसने आरक्षक प्रवीण सिंह को महज एक माह में 48 लाख रुपए का मुनाफ़ा कमा कर दिया है।

### की जा रही है जांच



वायरल वीडियो की जानकारी मिली है। इस मामले की गंभीरता से जांच की जाएगी। वायरल वीडियो की जांच का जिम्मा एडिशनल एसपी को दिया गया है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

-राजेश अग्रवाल
एसएसपी सरगुजा

### दुबई तक कनेक्शन की धमकी

वायरल वीडियो में सत्यम केसरी ने आरोप लगाया है कि जब उसने कारोबार छोड़ने की बात की तो आरक्षक प्रवीन सिंह ने उसे आईजी, एसपी से पहचान व दुबई तक कनेक्शन की धमकी दी। गिरफ्तार कराने और फंसाने की धमकी दी इस लिए उन्होंने इस कारोबार में काम किया। इस आरोप के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है और पुलिस कि कार्यशैली ही सवालों के घेरे में आ गई है। एक आरक्षक के घर से सट्टा कारोबार का संचालन कई सवालों को जन्म दे रहा है।

### सरगना तक नहीं पहुंची पाई पुलिस

बड़ी बात यह है की सटोरिया सत्यम केशरी दीप मुख्य सट्टा किंग दीप सिन्हा के लिए काम करता है। इतना ही नहीं सत्यम का भाई शुभम केशरी भी दीप सिन्हा के लिए काम करता है। पूर्व में पुलिस ने अमित मिश्रा उर्फ पहलु के साथ उसके भाई शुभम केसरी को भी गिरफ्तार किया था। फिलहाल सत्यम केसरी और दीप सिन्हा फरार चल रहे है जबकि पुनः सरगुजा पुलिस ने सरगना अमित मिश्रा उर्फ पहलु को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## खबर संक्षेप

### नागपंचमी पर दंगल कुश्ती प्रतियोगिता आज

**अंबिकापुर।** नागपंचमी के अवसर पर मंगलवार को कुश्ती का आयोजन किया जाएगा। सरगुजा किश्ती संघ के तत्वाधान में 29 जुलाई को सुबह 10 बजे से शासकीय मल्टी परपज स्कूल मैदान परिसर में दंगल कुश्ती का आयोजन किया गया है। इस कुश्ती प्रतियोगिता में संभाग के साथ ही प्रदेश के पहलवान हिस्सा लेंगे। संघ के अध्यक्ष विकास पाण्डेय ने बताया कि प्रतियोगिता में सरगुजा केसरी सम्मान के लिए विजेता को 11 हजार रुपए नगद व शील्ड, उप विजेता को 51 सौ रुपए व शील्ड, सरगुजा कुमार खिताब के लिए 51 सौ रुपए व शील्ड, उप विजेता को 31 सौ रुपए नगद एवं शील्ड दिया जाएगा इसके साथ ही साथ ही सभी प्रतिभागी पहलवानों को भी पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने लोगों से कुश्ती प्रतियोगिता में शामिल होने का आह्वान किया है।

### महापौर के नाम से बनाया फर्जी आईडी पुलिस से की गई शिकायत

**अंबिकापुर।** शहर की महापौर श्रीमती मंजूषा भगत की फेसबुक आईडी को साइबर ठगों ने हैक कर लिया है। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद महापौर ने थाने में शिकायत की है। बता दें कि आए दिन साइबर ठगों द्वारा जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर लोगों को मैसेज करने और पैसे मांगने की शिकायतें आती रहती है। इस बीच ठगों ने महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने नाम का भी फर्जी आईडी बना लिया है और लोगों को मैसेज किया जा रहा है। महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने बताया कि इस मामले की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने कोतवाली थाना प्रभारी को लिखित शिकायत दी है और मामले में कार्रवाई की मांग की है।

### आकांक्षी विकासखण्ड अंतर्गत सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह आज

**बलरामपुर।** जिला प्रशासन द्वारा आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम अंतर्गत 29 जुलाई को प्रातः 11 बजे सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह का आयोजन ऑडिटोरियम भवन के पास साप्ताहिक बाजार परिसर में किया गया है। कार्यक्रम में कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैंकरा, प्रतापपुर विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष हिरामुनि निकुंज तथा नगर पालिका बलरामपुर अध्यक्ष लोधीराम एक्का शामिल होंगे।

# ट्रेडर्स कर रहे फोर्टिफाइड चावल की कालाबाजारी

- अरुण ट्रेडर्स के खिलाफ एफआईआर करने के निर्देश

**अम्बिकापुर।** शासकीय उचित मूल्य दुकानों में सप्लाई की जाने वाली फोर्टिफाइड राइस के अवैध रूप से भंडारण के मामले में जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर में शासकीय चावल की कालाबाजारी करने के मामले में ट्रेडर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए है। बताया जा रहा है की 14 जुलाई को एसडीएम के निर्देश पर खाद्य विभाग की टीम ने खरसिया चौक स्थित अरुण ट्रेडर्स का निरीक्षण किया था। इस दौरान अरुण ट्रेडर्स के बाहर खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 0189 में 220 बोरी चावल लोड था। जांच में यह बात सामने आई कि ट्रक में 110 क्विंटल फोर्टिफाइड चावल मौजूद था जिसका वितरण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत किया जाता है। खाद्य अधिकारी ने प्रस्तुत प्रतिवेदन में स्पष्ट किया है कि इस चावल का खुले बाजार में क्रय-विक्रय करना छग सार्वजनिक वितरण प्रणाली आदेश 2016 की कंडिका 5(29) का उल्लंघन है, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत दंडनीय है।

इस मामले में संचालक अरुण अग्रवाल को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था। प्रकरण में अरुण कुमार अग्रवाल ने न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर बताया कि वह ग्रामीणों से चावल खरीदकर अपनी राइस मिल ले जाने की तैयारी कर रहा था। उसे यह जानकारी नहीं थी कि उसमें फोर्टिफाइड चावल की मिलावट है परंतु न्यायालय ने उनके कथन को असंगत एवं असंतोषजनक माना। विवेचना उपरांत कलेक्टर न्यायालय ने अरुण ट्रेडर्स द्वारा संग्रहीत चावल को पीडीएस के अंतर्गत संभावित रूप से उपयोग योग्य पाते हुए एफआईआर दर्ज करने का आदेश जारी किया है साथ ही ट्रक व जब्त चावल को फिलहाल अरुण अग्रवाल की सुपुर्दगी में रखने का निर्देश भी दिया गया है। कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी को यह भी निर्देशित किया है कि एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जानकारी 7 दिवस के भीतर न्यायालय को प्रस्तुत करें। प्रशासन द्वारा यह कार्यवाही खाद्यान्न की कालाबाज़ारी एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने की दिशा में उठाया गया सख्त कदम है।

### चोरों ने घर के सामने से पार किया बाइक

**अम्बिकापुर।** कांसाबेल थाना अंतर्गत ग्राम पंडरीपानी निवासी सतीश टोप्पो पिता इग्नतुस टोप्पो शहर के सुभाष नगर में किराए के मकान लेकर रहता है और पिछले दो साल से दोस्त मुकेश कुमार का स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डीयू 4345 को लेकर उपयोग कर रहा था। हर रोज की भांति गत दिनों स्कूटी को किराए के घर के सामने खड़ा किया था। इसी दौरान चोरों ने स्कूटी को पार कर दिया। स्कूटी के चोरी हो जाने पर काफी खोजबीन की परंतु स्कूटी का कहीं पता नहीं चला। जिस पर युवक ने घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई।

### मांगों के समर्थन में कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों ने किया प्रदर्शन

**अम्बिकापुर।** अपनी 17 सूत्रीयमांगों के समर्थन में प्रदेशभर के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले आंदोलन की राह पर है। संसाधन नहीं तो काम नहीं सिद्धांत पर कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों ने सोमवार को अपनी मांगों के समर्थन में कलाकेंद्र मैदान में धरना दिया तथा मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, राजस्व मंत्री, मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को मांगों का ज्ञापन सौंपा। धरना प्रदर्शन कर रहे राजस्व अधिकारियों ने बताया कि आवश्यक संसाधनों की कमी, मानवीय संसाधन, तकनीकी सुविधाएं, सुरक्षा, शासकीय वाहन एवं प्रशासनिक सहयोग के अभाव में कार्यों के निष्पादन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। इस संबंध में संघ द्वारा विभाग व शासन को कई बार अवगत कराने के बावजूद कोई पहल नहीं की गई है जिसके कारण संघ 17 जुलाई से चरणबद्ध आंदोलन कर रहा है। सोमवार को जिलेभर के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों ने सामूहिक अवकाश लेकर धरना-प्रदर्शन किया तथा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सामूहिक अवकाश लेकर मंगलवार को संभाग स्तर एवं बुधवार को राज्यस्तर पर धरना प्रदर्शन करेंगे। संघ के 17 सूत्रीय मांगों में स्वीकृत सेटअप की पदस्थापना, डिप्टी कलेक्टर पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी करने, नायब तहसीलदार को राजपत्रित करने, ग्रेड पे में सुधार, शासकीय वाहन उपलब्ध कराने, 15 दिवस में जांच प्रक्रिया पूर्ण कर निलंबन समाप्त करने, न्यायालयीय प्रकरणों में आदेश का पालन, न्यायालयीन आदेशों में एफआईआर नहीं कराने, न्यायालय में उपस्थिति की व्यवस्था, मानदेय भुगतान, प्रशिक्षित ऑपरेटर की नियुक्ति, एसएलआर की नियुक्ति, शासकीय मोबाइल नंबर एवं डिवाइस उपलब्ध कराने, सुरक्षा की व्यवस्था, सड़क दुर्घटना पर मुआवजा, संघ को मान्यता एवं विशेषज्ञ कमेटी का गठन करने की मांग शामिल है।

## 11 वर्षों से गोधनपुर वार्डवासी झेल रहे हैं स्टे का दंश

# स्टे हटाने कलेक्टर से गुहार, बताया कमिश्नरी का रास्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



पिछले 11 वर्षों से स्टे का दंश झेल रहे वार्डवासियों ने आज आखिरकार कलेक्टर का दरवाजा खटखटाया। कलेक्टर ने आवेदन तो ले लिया किन्तु उन्होंने इसके लिए पीड़ितों को कमिश्नरी का रास्ता बता डाला। उन्होंने कहा कि कलेक्टर का आदेश कलेक्टर निरस्त अथवा उसमें सुनवाई नहीं कर सकता है इसलिए आप लोगों को कमिश्नर के पास जाना होगा। आपकी समस्या का समाधान वहीं मिल सकता है।

नगर निगम के वार्ड क्रमांक 5 गोधनपुर, फुन्दुरडिहारी के सैकड़ों वार्डवासी आज सरगुजा कलेक्टर के पास जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे और मांग की वर्ष 2014 में तात्कालीन कलेक्टर ने शिकायत के एक मामले में गोधनपुर के भूखण्ड क्रमांक 336 से भूखण्ड क्रमांक 435 तक तथा उसके बटांकित समस्त भूमि पर आगामी आदेश तक किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य और भूमि के क्रय अथवा विक्रय पर रोक लगा दी गई। जिसके पश्चात से उक्त भूखण्ड क्षेत्र में निवास करने वाले व्यक्ति 2014 से किसी प्रकार के निर्माण कार्य एवं भूमि के क्रय-विक्रय से प्रतिबंधित कर दिए गए है। खसरा क्रमांक 336, खसरा क्रमांक 435 तक का भूखण्ड वर्तमान में विभाजित होकर कई भूखण्डों में बंट गया है। ग्राम पंचायत के समय से ही वहा रह रहे लोग अब निर्वासितों की भांति रहने के लिए मजबूर है। पूरे जीवन की गाढ़ी कमाई लगाकर जमीन खरीदने वाले लोग अब भय के साए में जी रहे हैं। घर बनाने का सपना दूर होता दिख रहा है। कलेक्टर सरगुजा ने ज्ञापन तो ले लिया किन्तु उन्होंने वार्डवासियों को समझाया कि एक कलेक्टर द्वारा लगाए गए स्टे के बाद उस पर सुनवाई करना अथवा उस आदेश को निरस्त संभव नहीं है। इसके लिए आप लोगों को कमिश्नर के पास जाना होगा।

ज्ञापन सौंपने वालों में पार्षद शिवमंगल सिंह, हेमंत सिन्हा, अनिल सिंह, अधिवक्ता उमंग दुबे, पूर्व पार्षद प्रेमानंद तिग्गा, गुरूचरण सिंह, अजय जामवाल, शिव गुप्ता, हीरा सिंह, भरत गुप्ता, गुड्डू कुशवाहा, संजय सिन्हा, विमल सिन्हा, जितेन्द्र सिन्हा, भरत दुबे, गणेश शर्मा, मिथुन सिंह, रूपेश मेहता, अतुल शर्मा, दीपक मालवीय, राजू सिंह, अतुल सिंह, प्रवीण बंसल आदि बड़ी संख्या में वार्डवासी शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य मंत्री ने पीएचसी का किया निरीक्षण

**बैकुण्ठपुर।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) बंजारीडाड का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्र में मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई, डॉक्टरों की उपस्थिति और उपचार की गुणवत्ता की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मंत्री जायसवाल ने अस्पताल में भर्ती मरीजों व उनके परिजन से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं और जरूरतों को जाना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हर नागरिक को बेहतर, सुलभ और सम्मानजनक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की मजबूती ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ है। इस अवसर पर स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### बिजुरी में सूदखोर हो रहे सक्रिय

**बिजुरी।** अनूपपुर जिले की औद्योगिक नगरी बिजुरी में इन दिनों सूदखोरों की बढ़ती सक्रियता आमजन के लिए बड़ी चिंता का विषय बन गई है। खासकर कालरी कर्मचारियों, ग्रामीणों और निम्न आय वर्ग के लोग इन सूदखोरों के कर्ज-जाल में उलझकर मानसिक और आर्थिक दोनों स्तरों पर पीड़ति हो रहे हैं। इसमें सबसे चौकाने वाली बात यह है कि नगर में एक जूता व्यवसायी, जो बाहर से एक प्रतिष्ठित व्यापारी की छवि बनाए हुए है, दरअसल इस पूरे कर्ज कारोबार का प्रमुख संचालक बताया जा रहा है। यह व्यवसायी नाम मात्र की दुकानदारी कर, खुद को समाज में व्यापारी के रूप में स्थापित करने का ढोंग करता है, जबकि असलियत में वह भारी ब्याज दरों पर गरीबों को कर्ज देकर उनकी विवशता का शोषण करता है। सूत्रों की मानें तो यह व्यक्ति लोगों को बैंकों से लोन दिलाने का झांसा देता है, बदले में मोटी रकम वसूल करते हैं।

### जिले में 1.7 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 1.7 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। बिजुरी में 7.4 मिमी., जैतहरी में 2 मिमी., वेंकटनगर में 0.4 मिमी., अमरकंटक में 3 मिमी. तथा बेनीबारी में 0.8 मिमी. वर्षा दर्ज की गई।

स्वास्थ्य मंत्री, विधायक, कलेक्टर समेत कई हुए शामिल, श्रावण के तीसरे सोमवार पर भक्तिमय रहा माहौल

# हर-हर महादेव के जयकारे से गूंजी छुरीगढ़ कांवड़ यात्रा


कांवड़ यात्रा का शुभारंभ करते स्वास्थ्य मंत्री, विधायक, कलेक्टर व अन्य।


निकली कांवड़ यात्रा।


कुमार चौक में भगवान भोले की जीवंत झांकी का प्रस्तुति देते युवा।


कांवड़ यात्रा को लेकर युवाओं का खासा उत्साह।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर में सावन के तीसरे सोमवार को भव्य कांवड़ यात्रा बाजे-गाजे के साथ निकाली गई। देवराहा बाबा सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित विशाल कांवड़ यात्रा में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी शामिल हुए, इसके अलावा क्षेत्रीय विधायक भईयालाल राजवाड़े, कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी, देवराहा बाबा सेवा समिति अध्यक्ष शैलेश शिवहरे व अन्य पदाधिकारियों के साथ काफी संख्या में शहर सहित आस-पास क्षेत्र के श्रद्धालु कांवडिए शामिल हुए।

- देवराहा बाबा सेवा समिति की विशाल कांवड़ यात्रा

कांवड़ियों का जत्था सुबह होने के साथ ही प्रेमाबाग मंदिर परिसर में जुटना शुरू कर दिए और गेज नदी से कांवर में जल भरकर हर-हर महादेव के गुंजायमान नारे व डीजे की धुन पर कांवड यात्रा शुरू हुई, जो शहर होते कई किमी का सफर तय कर छुरीगढ़ धाम पहुंची, जहां ऊंचे पहाड़ी पर स्थित शिवलिंग में जलाभिषेक किया गया। आयोजित कांवड यात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालुगण शामिल हुए। कांवड़ियों का स्वागत जगह-जगह किया गया, इसके अलावा यातायात व्यवस्था भी प्रशासन के द्वारा चुस्त-दुरूस्त किया गया था, ताकि कांवड़ियों के यात्रा में किसी तरह का कोई व्यवधान न आए। आयोजन में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक बैकुंठपुर एवं पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े, कलेक्टर चंदन त्रिपाठी, देवराहा बाब सेवा समिति के अध्यक्ष शैलेश शिवहरे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष शिवपुर चरचा अरूण जायसवाल, अनुराग दुबे, महेन्द्र वैद, अशोक चौदहा, सुभाष साहू, अनिल शर्मा, मनोज सोनी, घनश्याम साहू, अभय दुबे, धनेन्द्र महराज, प्रभाकर सिंह, धीरज शिवहरे, एएसपी पंकज पटेल, एसडीएम दीपिका नेताम, सीएमएचओ डॉ. प्रशांत सिंह, सीएस डॉ. आयुष जायसवाल, विजय राव, अजय साहू, पंकज गुप्ता, अंचल किशोर राजवाड़े, रमन गुप्ता, राहुल मिश्रा, चंचल राजवाड़े, सिम्मी गुप्ता, बबलू महाजन, योगेन्द्र मिश्रा, गोलू सिंह, माया सोनवानी सहित हजारों आदि मौजूद रहे।

### शिवभक्ति में लीन हुए स्वास्थ्य मंत्री

सावन के तीसरे सोमवार को प्रेमाबाग से प्रारंभ होकर छुरीगढ़ धाम तक निकली ऐतिहासिक और भव्य कॉवड़ यात्रा में हजारों श्रद्धालु शिवभक्ति में लीन नजर आए। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल स्वयं पैदल चलकर कांवड़ यात्रा में शामिल हुए। यात्रा का शुभारंभ प्रेमाशंकर महादेव मंदिर में मंत्रोच्चार और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ, जहां मंत्री श्री जायसवाल ने भगवान शिव की प्रतिमा को सिर पर धारण कर डमरू व गदा के साथ हर-हर महादेव के जयघोष करते हुए पदयात्रा की।

### विशेष वेशभूषा रहा आकर्षण

28 जुलाई सोमवार को आयोजित कांवड़ यात्रा में काफी संख्या में कांवड़िए गेरूआ वस्त्र धारण कर यात्रा में शामिल रहे। वहीं भगवान शिव का रूप धारण कर एवं उनके साथ कई लोग आकर्षक वेशभूषा धारण कर यात्रा कर रहे थे जो कांवड यात्रा के मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहे। भोले के भक्ति में डुबे लोग विभिन्न तरह के नारों के साथ यात्रा में शामिल रहे।

### गेज नदी से भरे जल

श्रावण माह के तीसरे सोमवार 28 जुलाई को देवराहा बाबा सेवा समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ प्रेमाबाग स्थित देवराहा बाबा मंदिर परिसर से हुआ, जहां सुबह श्रद्धालुओं का विशाल जत्था एकत्रित हुआ। कांवड़ियों ने गेज नदी से पवित्र जल भरकर हर हर महादेव और बोल बम के जयघोष के साथ बस स्टैंड, कुमार चौक, जूनापारा, नरसिंहपुर, मोदीपारा होते हुए छुरीगढ़ धाम की ओर प्रस्थान किया। यह यात्रा लगभग 10 किमी लंबी है, जो ऊंची पहाड़ी पर स्थित प्राचीन शिवधाम छुरीगढ़ में जलाभिषेक के साथ पूर्ण हुई।

### ऊंची पहाड़ी पर गूंजा जयकारा

प्रेमाबाग मंदिर परिसर से निकला कांवड यात्रा जब कई किमी तय कर छुरीगढ़ धाम पहुंचा तो भोलेबाबा के जयकारे गुंजने लगे। ऊंची पहाड़ी के उपर से जयकारा की गुंज चारों ओर गुंजती रही। सभी श्रद्धालुओं ने बारी-बारी से पहाड़ी के उपर स्थित शिवलिंग में जलाभिषेक किया। इस अवसर पर पहाड़ी के उपर से लेकर तलहटी तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ घंटो जुटी रही।

### विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर पौधरोपण


पौधरोपण करते स्वास्थ्य मंत्री।

सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बैकुंठपुर स्थित प्रेमाशंकर महादेव मंदिर में दर्शन उपरांत विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर मंदिर परिसर में पौधरोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है और पौधरोपण इसका सबसे प्रभावी माध्यम है। मंदिर प्रांगण में पीपल, नीम और आम जैसे छायादार व औषधीय पौधों का रोपण किया गया।

### मंदिर में विशाल भोग भंडारा का आयोजन


भोग भंडारे का आयोजन।

तीसरे सोमवार को दुर्गा पूजा समिति भवानी तिगड्डा के द्वारा दुर्गा मंदिर पीपल पेड़ के नीचे विशाल भोग भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं की सेवा के उद्देश्य से समिति हर सावन सोमवार को इस पावन स्थल पर भंडारे का आयोजन सुनिश्चित कर चुकी है। 28 जुलाई को भंडारे का संपूर्ण आयोजन विकास स्टील फर्नीचर के प्रोपराइटर पहलाद जायसवाल के सौजन्य से संपन्न हुआ। उनके सहयोग के लिए समिति ने हृदय से आभार व्यक्त किया है।

### शिव मंदिरों में गूंजे बोल बम के नारे


भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

**चरचा कॉलरी।** सुबह श्रद्धालु भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए शिव मंदिरों में उमड़ पड़े। सुभाष नगर स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, बीटीसी मुक्तेश्वर महादेव, स्टाफ कॉलोनी के शिव-पार्वती मंदिर श्रद्धालु पहुंचे। बस स्टैंड शिव मंदिर में दोपहर 1 बजे से अजय मंडल और उनकी टीम द्वारा खिचड़ी भोग-भंडारे का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी प्रमोद पांडे ने बताया कि सावन के अंतिम सोमवार को थाना परिसर में भंडारे का आयोजन होगा।

### सोनहत के महादेव के दर्शन को जुटे श्रद्धालु


निकली कॉवड़ यात्रा।

सोनहत के महादेव की स्थापना के बाद तीसरे श्रावण सोमवार को जलाभिषेक का विशेष आयोजन किया गया। विगत कई वर्षों से निर्मित दुर्गा पंडाल में सनातन गौरव मंच एवं सभी सोनहतवासियों एवं जनप्रतिनिधियों के सामूहिक प्रयास से इस वर्ष शिव स्थापना की गई। कांवर यात्रा में जनपद पंचायत अध्यक्ष आशा देवी, जिला पंचायत सदस्य शिवकुमारी, जनपद सदस्य गण, सरपंच एवं क्षेत्र के श्रद्धालु काफी संख्या में अपनी भागीदारी निभाई।

## संसाधन नहीं तो काम नहीं तहसीलदार हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कनिष्क सेवा संघ के बैनर तले तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने सोमवार से तीन दिवसीय हड़ताल का आगाज कर दिया है। यह आंदोलन राजस्व अधिकारियों द्वारा लंबे समय से चली आ रही मांगों और संसाधनों की कमी के विरोध में किया जा रहा है।

हड़ताल के पहले ही दिन कोरिया के जिलेभर में राजस्व से जुड़ी सभी सरकारी सेवाएं ठप रहीं, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अधिकारियों का कहना है कि वे लगातार संसाधनों की कमी, अपर्याप्त स्टाफ, तकनीकी अव्यवस्था और सुरक्षा के अभाव जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। इन स्थितियों में जनता को बेहतर सेवा देना संभव नहीं हो पा रहा है। तहसील कार्यालयों में भूमि रजिस्ट्री, नामांतरण, सीमांकन, न्यायिक कार्रवाई और प्रमाण पत्रों के निर्गमन जैसे जरूरी कार्य पूरी तरह से बंद रहे। कनिष्क सेवा संघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया है।

## चिरमिरी में बनेगा हाईटेक चिकित्सीय आवासीय परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के आतिथ्य में सोमवार को चिरमिरी जिला अस्पताल के सामने डॉक्टर्स रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स, ट्रांजिट हॉस्टल और फिजियोथेरेपी भवन के निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया।

- स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में 100 करोड़ से अधिक की स्वीकृति

इस अवसर पर मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि चिरमिरी में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए अकेले 100 करोड़ रूपए से अधिक की लागत से निर्माण और उपकरणों की व्यवस्था की जा रही है, जो पलायन की प्रवृत्ति पर प्रभावी अंकुश लगाएगी और चिकित्सकों को स्थायित्व प्रदान करेगी। 13 करोड़ रूपए की लागत से डॉक्टर्स कॉलोनी का निर्माण तहसील भवन के पीछे किया जाएगा। 1.68 करोड़ की लागत से ट्रांजिट हॉस्टल और 25 लाख रूपए की लागत से अत्याधुनिक फिजियोथेरेपी उपकरणों की व्यवस्था की जा रही है। मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि चिरमिरी की जनता लंबे समय से एक उच्च स्तरीय स्वास्थ्य व्यवस्था की मांग कर रही थी। यहां डॉक्टरों के लिए आवास की अनुपलब्धता एक बड़ी चुनौती रही है, जो अब समाप्त होने जा रही है। नवनिर्मित आवासीय परिसर में 15 डॉक्टरों के रहने की सुविधा उपलब्ध होगी। प्रदेश के दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में डॉक्टरों की नियुक्ति के बावजूद वे टिक नहीं पाते, क्योंकि उनके रहने की व्यवस्था नहीं होती। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सहमति से अब इन क्षेत्रों में आवासीय परिसर निर्माण की शुरूआत हो रही है और इसकी पहली कड़ी चिरमिरी से शुरू हो रही है। मंत्री ने कहा कि आलोचना करने वालों की चिंता छोड़ उन्होंने सिर्फ कार्य पर ध्यान देने का संकल्प लिया है।


भूमिपूजन करते स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल।

### साहसिक शिविर के लिए जलकी पहुंची कोरिया की स्काउट-गाइड टीम

**बैकुंठपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग राज्य मुख्यालय रायपुर द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग छग शासन के वित्तीय सहयोग से आयोजित राज्य स्तरीय साहसिक हाइक, व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर में शामिल होने के लिए कोरिया जिले की स्काउट-गाइड टीम ग्राम जलकी (जिला महासमुंद) पहुंची। यह चार दिवसीय शिविर 28 से 31 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है, जिसका संचालन राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशन में हो रहा है। इस शिविर में राज्य के विभिन्न जिलों से स्काउट्स और गाइड्स भाग ले रहे हैं। जिला मुख्य आयुक्त देवेन्द्र तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट जितेन्द्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में, जिला संगठन आयुक्त स्काउट नागेश्वर साहू एवं गाइड आशा एक्का के नेतृत्व में स्काउटर अनिल कुमार व गाइडर धनमत पड़ौती के साथ जिले के विभिन्न विद्यालयों से चयनित 15 स्काउट्स और 15 गाइड्स सहित कुल 32 सदस्यीय दल 27 जुलाई को चिरमिरी रेलवे स्टेशन से रवाना होकर 28 जुलाई को शिविर स्थल जलकी पहुंची।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय के भवन में टपक रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय बैकुंठपुर भवन के छत से पानी का रिसाव होने के साथ टपक रहा है, इसे लेकर विद्यालय के प्राचार्य ने बीते 15 जुलाई को लोनिवि के कार्यपालन अभियंता को आवेदन देकर अवगत कराया गया था, लेकिन मरम्मत कार्य कराय जाने को लेकर अब तक काम शुरू नहीं किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य ने लोनिवि के अधिकारी को लिखे अपने आवेदन में उल्लेख किया कि विद्यालय के मरम्मत कार्य विभाग द्वारा कराया गया था, जिससे कि बरसात के मौसम में किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो, बावजूद इसके भवन की छत, कारीडोर, बरामदा, कक्षा तथा कई जगहों से विद्यालय भवन में पानी टपक रहा है। बारिश के इस मौसम में विद्यालय भवन के विभिन्न कक्षों बरामदों में पानी के रिसने एवं टपकने के कारण विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अभय अग्रवाल आ. ताराचन्द्र अग्रवाल निवासी एच.एन.ए. 155 स्वर्ण भूमि विधानसभा रोड आमासिवनी जिला रायपुर के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की व्यपवर्तित भूमि ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित खसरा नंबर 323/334/1 मेंसे रकबा 0.101 हे. भूमि को अनावेदक चंचल अग्रवाल आ. कृष्णा अग्रवाल व अन्य निवासी नवापारा जवाहर मार्केट अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास अंकन राषि रूपये 81,82,400/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 06.08.2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांकः- 08/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा**

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल साइनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा मार्केट

प्रकाश हॉस्पिटल
सर्जिकल विभाग
विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा दूरबीन विधि LAPAROSCOPY (लेप्रोस्कोपिक पद्धति) द्वारा ईलाज
लेप्रोस्कोपिक सर्जन
• गॉल ब्लैडर (पित की थैली)
• अपैण्डिक्स • हार्निया
• पेट में गठान • पेट में गोला इत्यादि
प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर
9713667433, 9617247433

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 3 अगस्त, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ. राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
दिनांक 24 जुलाई 2025
दिन - गुरूवार
-आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
-दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
-किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
-पेशाब रास्ते का सिकुड़न
-किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S, MD. (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खॉसी, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर, इस्नोफिलिया, PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनाँक - 03 अगस्त, 2025
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

आप परेशान क्यों हैं?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा।
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने से पहले मोबाइल से समय आरक्षित कराएं
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

TOP IN SURGUJA
गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
24/7 EMERGENCY SERVICES
Health Insurance & TPA
CGHS से मान्यता प्राप्त
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में दिनांक - 27 जुलाई 2025, रविवार
सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ.नीरज प्रसाद
सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरव त्रिपाठी
मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.आकाश अग्रवाल
रायपुर के सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ न्यूरोसर्जन डॉ.भाविक शाह
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) मो.8120906000 | 8120809000

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के लिवर एवं पेट से संबंधित रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा ओपीडी.
Apollo HOSPITALS BILASPUR
अम्बिकापुर में... डॉ.आकाश गर्ग
एम. बी.बी. एस, डी.एन.बी. (मेडिसीन) डीएनबी (गैस्ट्रो)पेट आंत एवं लिवर विशेषज्ञ, पूर्व विशेषज्ञ - मेदान्ता हॉस्पिटल गुरगांव
दिनांक - 03 अगस्त 2025, रविवार
समय - सुबह 11:30 से दोपहर 2:30 बजे तक

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सुपर स्पेशलिस्ट ओपीडी अम्बिकापुर में
डॉ.विनय कुमार
एसोसिएट कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजीएम.बी.बी.एस., एम.डी. (जनरल मेडिसिन) डी.एम. (नेफ्रोलॉजी)
दिनांक - 03 अगस्त 2025, रविवार
समय - 11.30 से शाम 4 बजे तक
तेज डायग्रोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर) माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
07774222555, 8718003300, 8085886678, 9752542415, 8120809000, 9424250281

## खबर संक्षेप



### धूमधाम से मनाया गया मां नीलम आनंद का 73वां जन्मदिन

**अम्बिकापुर।** शिव शिष्या मां नीलम आनंद के 73 वें जन्मदिवस के अवसर पर वार्ड क्रमांक 3, रामानुजगंज में शिव शिष्यों द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण से लेकर मानव सेवा तक विविध गतिविधियाँ संपन्न हुईं। शिव शिष्यों ने एक सप्ताह के भीतर 7 हजार 300 पौधारोपण का संकल्प लिया था, जिसे पार करते हुए लगभग 10 हजार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम के दौरान मां नीलम आनंद की प्रतिमा के समक्ष केक काटकर जन्मोत्सव मनाया गया। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर बुजुर्ग गुरु भाई-बहनों को साड़ी, गमछा और शॉल देकर सम्मानित किया गया। 100 बिस्तर अस्पताल में सभी मरीजों को फल और मिष्ठान वितरित किए गए। साथ ही नवजात शिशुओं का नामकरण संस्कार शिव शिष्य के रूप में दीक्षा दी गई। इस दौरान पूर्व विधायक बृहस्पति सिंह, शैलेश कुमार, श्रीमती शर्मिला गुप्ता, विकास गुप्ता,आयोजन समिति के पंचम कुशवाहा, मनोज, चंदन, विनोद, कृष्णा, बिगन, रामसेवक, बैजनाथ, शिवलाल, करण, जयप्रकाश, बजरंगी, किशन, ललिता, अमृता, आशा, किरण, चंपा, देवंती, प्रतिमा, महीनावती, अंजना, शारदा, बिंदु, आरती, सरिता, सविता, निर्मला, अनीता, ममता, कलावती, चंद्रवती, सुजवंती, सुचिता सहित बड़ी संख्या में शिव शिष्य मौजूद रहे।

### केंद्रीय चिकित्सालय में सेवानिवृत्त कोलकर्मियों के लिए अतिरिक्त दवाई काउंटर की सुविधा

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल के सेवानिवृत्त कर्मचारियों और वर्तमान अधिकारियों-कर्मचारियों के मेडिकल सुविधा के लिए एक राहतभरी खबर है।केंद्रीय चिकित्सालय बिश्रामपुर में आज सोमवार से दवा वितरण के लिए दो अलग-अलग काउंटरों की शुरुआत की गई है,जिससे वर्षों से चली आ रही अव्यवस्था और भीड़भाड़ की समस्या से कुछ निजात मिल सकेगी।नई व्यवस्था की जानकारी देते हुए केंद्रीय चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.उमाशंकर बैठा ने बताया कि वर्तमान में करीब 1300 सेवानिवृत्त कोल कर्मी और करीब 2300 कार्यरत कर्मचारी-अधिकारी इस अस्पताल की नियमित सेवाएं लेते हैं।पहले इन सभी के लिए केवल एक ही दवाई काउंटर होने से दवा वितरण में भारी भीड़ लगती थी, जिससे वरिष्ठ नागरिकों और अस्वस्थ लोगों को विशेष परेशानी होती थी।नई व्यवस्था के तहत अब सेवानिवृत्त कोल कर्मियों के लिए विशेष अलग काउंटर निर्धारित किया गया है, जिससे उन्हें लंबे इंतजार और लाइन में लगने की झंझट से मुक्ति मिलेगी, डॉ बैठा ने बताया कि हमने लंबे समय से यह महसूस किया कि एक ही काउंटर पर इतनी बड़ी संख्या को संभालना न तो व्यावहारिक है और न ही मानवीय।अब दो काउंटरों की व्यवस्था से कार्यरत और सेवानिवृत्त दोनों वर्गों को समयबद्ध और सम्मानजनक सेवा मिलेगी।डॉ बैठा ने यह भी संकेत दिया कि भविष्य में डिजिटल टोकन प्रणाली, ई-दवा पर्ची और वृद्धजनों के लिए प्राथमिकता जैसी तकनीकी सुविधाएं भी लागू करने की कोशिश है,ताकि दवा वितरण व्यवस्था और भी बेहतर हो सके।

### सर्पदंश से गंभीर महिला की उपचार के दौरान गई जान

**अम्बिकापुर।** जहरीले सांप के काटने से गंभीर हुई महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम बिशुनपुर निवासी फुलकुंवर पति नईहर साव (55 वर्ष) शनिवार की रात भोजन कर खाट पर सो रही थी। इसी दौरान महिला के दाहिने हाथ की उंगली को जहरीले सांप ने काट लिया। महिला ने सांप के काट लेने की जानकारी परिजन को दी। परिजन महिला को सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## दोपहर में एन एच 43 में बनी जाम की स्थिति, वैकल्पिक मार्ग से वाहनों की हुई आवाजाही

# बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी के नेतृत्व में नगर से निकाली गई कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

बजरंग दल व दुर्गा वाहिनी की संयुक्त अगुवाई में कोयलांचल बिश्रामपुर में तीसरे सोमवार को नगर से कांवड़ यात्रा निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।नगर समेत दूर दराज के दर्जनों गावों से पहुंचे युवाओं व भक्तों में भोले बाबा को जल अर्पित करने का उत्साह देखा गया। यात्रा निकलने से दिन के समय मुख्य मार्ग एन एच पर जाम की स्थिति बनी रही, ऐसी स्थिति में कतारों में लगे वाहनों को सतपता, शिवनन्दनपुर व एसईसीएल के वैकल्पिक मार्ग से आवाजाही व्यवस्था बिश्रामपुर पुलिस व उपस्थित वालंटियर्स द्वारा कराई गई, प्रातः नौ बजे रेड़ नदी से जल लेकर शुरू हुई कांवड़ यात्रा के आगे महाकाल की पालकी के साथ कोरबा से आई धूमाल पार्टी और शिव तांडव नृत्य ग्रुप ने पूरे यात्रा को आकर्षित किया। कांवड़ यात्रा की नगर में जगह जगह श्रद्धालुओं द्वारा पानी व नाश्ता की सेवा की गई। सतपता, बिश्रामपुर बस स्टैंड,रेलवे स्टेशन चौक और फिर जयनगर में भस्म होली और शिव तांडव नृत्य में कलाकारों ने रोमांच भरा।महाकाल बाबा की पालकी में गागर में जल भरकर श्रद्धालु पालकी के पीछे यात्रा कर रहे थे।गत वर्ष के मुकाबले दोगुनी संख्या में भीड़ बुलाने बजरंग दल और दुर्गा वाहिनी के पदाधिकारी व सदस्यों ने कांवड़ यात्रा की तैयारी के लिए पिछले डेढ़ दो माह से इसकी तैयारी में जुटे थे।इसके लिए आसपास के अनेकों गांव में बैठक लेकर लोगों को कांवर यात्रा में शामिल होने और इसकी आने जाने की जवाबदेही स्थानीय युवाओं को सौंपी गई ,इसके अतिरिक्त प्रचार प्रसार के साथ बजरंग दल और दुर्गा वाहिनी के पदाधिकारी ने कड़ी मेहनत कर तैयारी पूरी की।सोमवार से एक दिन पूर्व ही पूरे नगर को भगवा ध्वज,पताकों व तोरण द्वार से सजाया गया।महाकाल की पालकी सजाने व ध्वज तोरण बनाने का कार्य दुर्गा वाहिनी की कार्यकर्ता पदाधिकारियों ने किया जबकि अन्य आवश्यक व्यवस्था के लिए बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक सुजीत सिंह,वर्तमान जिला संयोजक प्रह्लाद निषाद,सत्येंद्र भारती,रचना सिंह, शशि राजवाड़े सहित बजरंग दल दुर्गा वाहिनी के सैकड़ों पदाधिकारी कार्यकर्ता सक्रिय रहे।देर शाम केनापारा समलेश्वरी महामाया मंदिर प्रांगण स्थित श्री रामेश्वरम शिव मंदिर में बाबा को जल अर्पण पश्चात आरती भोग प्रसाद के वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।कांवर यात्रा में बिश्रामपुर थाना प्रभारी प्रकाश राठौर, यातायात प्रभारी बिरजू पाण्डेय, जयनगर थाना के पुलिस स्टॉफ सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे।

**खास बात**
- शाम तक हजारों भक्तों ने केनापारा रामेश्वरम शिव मंदिर में जल अर्पित किया





कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की भीड़।

### साइकिल से पहुंचे कांवरियों का नगर के लोगों ने किया स्वागत

**अम्बिकापुर।** बाबा बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति द्वारा झारखंड के बाबा बैजनाथ धाम जाने वाली कावड़ यात्रियों के रुकने एवं भोजन की निशुल्क व्यवस्था नगर वासियों के सहयोग से पंडित दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन में निरंतर जारी है। जिसमें पूरे नगरवासी बढ़-चढ़कर उत्साह एवं आस्था के साथ भाग ले रहे हैं। आज श्याम लाडला परिवार के लोगों द्वारा सुबह से लेकर देर रात्रि तक कावर यात्रियों की सेवा की वही शाम को श्री श्याम कीर्तन का आयोजन भी किया गया। कावड़ यात्रियों के लिए आरक्षित मांगलिक भवन में प्रतिदिन आस्था के कई अद्भुत रंग देखने को मिल रहे हैं। शाम 5 बजे के लगभग साइकिल से 200 किलोमीटर से अधिक की यात्रा करके मनेंद्रगढ़ के वार्ड क्रमांक 4 के दो युवक पहुंचे जहां पर स्थानीय लोगों द्वारा उनका स्वागत किया गया। वे मांगलिक भवन में रात्रि विश्राम करने के बाद सुबह बाबा बैजनाथ धाम के लिए साइकिल से ही रवाना हुए। गौरतलब है कि बाबा बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति के प्रमुख एवं नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के नेतृत्व में नगर में सावन के चार दिन पूर्व से ही कावड़ यात्रियों के रुकने एवं भोजन की निशुल्क व्यवस्था सहित सेवा कार्य प्रारंभ कर दिया गया था। इसी दौरान मनेंद्रगढ़ के वार्ड क्रमांक 4 के रहने वाले रामायण केवट (31 वर्ष) एवं दुर्गेश गोस्वामी (30 वर्ष) दोनों अपने-अपने साइकिल से बाबा बैजनाथ धाम के लिए चले थे जो शनिवार की शाम 5 बजे रामानुजगंज बाबा बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति द्वारा संचालित सेवा व्यवस्था में सम्मिलित हुए यहां पर नगर वासियों द्वारा दोनों का स्वागत किया गया एवं उनके हौसले की जमकर प्रशंसा की गई। दोनों कावड़ यात्री रामानुजगंज से बाबा बैजनाथ धाम की 450 किलोमीटर की कावड़ यात्रा साइकिल से ही तय करेंगे। वे पांचवें दिन वहां पहुंच जलाभिषेक करेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष एवं बाबा बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति के प्रमुख रमन अग्रवाल ने कहा कि नगर वासियों के सहयोग से नगर में श्रावण मास के पवित्र माह में कांवड़ यात्रियों की सेवा नगर के सभी वर्गों के द्वारा की जा रही है। यह सौभाग्य की बात है कि बाबा के भक्त यहां पर आकर हम सबको सेवा का मौका दे रहे।






## सावन सुंदरी कार्यक्रम में शामिल हुई विधायक, कुर्सी दौड़ में बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

नगर के अग्रसेन भवन में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा शामिल हुई। सावन महोत्सव में राजपुर के साथ ही कुसमी क्षेत्र की महिलाओं ने नृत्य, संगीत, रॅम्पवॉक सहित अन्य कला मनोरंजन में हिस्सा लिया। वहीं भोजपुरी पारम्परिक गीतों पर महिलाएं जमकर थिरकी। इस कार्यक्रम में मिसेज सावन सुंदरी का खिताब मानवी पाण्डेय व रनरअप आरती वर्मा, मिसेज ब्यूटी मनीषा शर्मा रनरअप नीलू कश्यप, मिस सावन सुंदरी अंकिता यादव व रनरअप राधा सोनी रहीं। महोत्सव के दौरान कुर्सी दौड़ में सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा विजेता बनी। इस दौरान विधायक श्रीमती पैकरा ने महिलाओं की हौसला अफजाई की। इस दौरान कार्यक्रम को जिपं अध्यक्ष हीरामणि निकुंज, नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह, उपाध्यक्ष संजय सिंह ने भी संबोधित किया। इस कार्यक्रम में आयोजनकर्ता प्रियंका यादव के साथ ही भाजपा मण्डल अध्यक्ष जगवंसी यादव, अमृता सोनी, नीलम सोनी, शोभा यादव, नेहा चौबे, स्नेहलता सोनी, श्वेता केशरी रहीं सहित अन्य मौजूद थे।



### सावन श्रृंगार मेला में महिलाओं ने किया फैशन वॉक

**लखनपुर।** सावन के अवसर पर नारी शक्ति समूह द्वारा सावन श्रृंगार मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान समूह की महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक परिधानों में फैशन वॉक किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य घरेलु महिलाओं को उचित मंच उपलब्ध कराना था ताकि वे अपनी प्रतिभा दिखा सके। इसके साथ ही कार्यक्रम में गीत, नृत्य, कुर्सी दौड़, बोतल गेम, लक्ष्मी नारायण गेम सहित अन्य प्रतियोगिताएं हुई। सावन सुंदरी का किताब सरिता साहू ने हासिल किया। वहीं कुर्सी दौड़ में माला ठाकुर ने प्रथम, संध्या गुप्ता द्वितीय, लक्ष्मी रजक तृतीय, लक्ष्मी नारायण में प्रथम स्थान विभा गुप्ता, सरला गुप्ता, बोतल गेम में भारती साहू प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान अमिता चंदेल, अंजू ठाकुर, प्रभा गुप्ता, सरस्वती गुप्ता, सुनैना गुप्ता, देवंती गुप्ता, दीपमाला गुप्ता, उषा साहू, भारती साहू, सरिता साहू, माया बारी, गौरी साहू, संध्या गुप्ता, माला ठाकुर, लक्ष्मी रजक सहित अन्य मौजूद थे।



### जायसवाल महिला मंच ने मनाया सावन उत्सव

**अंबिकापुर।** जायसवाल महिला मंच द्वारा सावन के पावन अवसर पर सावन उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री गणेश वंदना से की गई। सावल उत्सव में महिलाओं ने लोक गीत, झूला गीत, नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। उत्सव में श्रीमती शीला जायसवाल और श्रीमती संध्या जायसवाल को सावन सुंदरी चुना गया। सभी उपस्थित ने कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए महिलाओं के इस प्रयास को प्रेरणादायक बताया और ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों की महत्ता पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में श्रीमती श्वेता गुप्ता, श्रीमती सुधा जायसवाल, श्रीमती मीनू जायसवाल, श्रीमती आशिमा जायसवाल के साथ ही श्रीमती पूनम जायसवाल, श्रीमती अनुराधा जायसवाल, श्रीमती कुंजबाला जायसवाल, श्रीमती रेखा जायसवाल, श्रीमती माधुरी जायसवाल, श्रीमती सीमा जायसवाल, श्रीमती पूनम वीनू जायसवाल, श्रीमती लीना जायसवाल, श्रीमती विमल जायसवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## नागपंचमी पर दशकों पुरानी कुश्ती की परंपरा को आगे बढ़ाएगी अनोखी सोच

**अम्बिकापुर।** नागपंचमी के अवसर पर विगत कई वर्षों से कुश्ती दंगल का आयोजन मणिपुर दर्रीपारा मोहल्ले में आयोजित किया जाता था जो पिछले कुछ वर्षों से बंद हो चुका था। दशकों पुरानी ये कुश्ती जो की लोगों के बीच काफी लोकप्रिय थी इस आयोजन को अब अनोखी सोच संस्था ने पुनः आयोजित करने का निर्णय लिया है। नागपंचमी के अवसर पर इस वर्ष भव्य कुश्ती का आयोजन अनोखी सोच संस्था के तत्वाधान में मणिपुर बाबा विश्वनाथ संकट मोचन मंदिर के समीप किया जाएगा जिसमें शहर व आसपास क्षेत्र के सभी छोटे बड़े और नामी पहलवान इस कुश्ती अखाड़े में अपना दमखम दिखायेंगे।

कुश्ती प्रतियोगिता सीनियर एवं जूनियर दो वर्गों में आयोजित की जाएगी । जिसमें सीनियर वर्ग विजेता पहलवान को 15 हजार एवं उपविजेता को 7 हजार 100 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा वहीं जूनियर वर्ग में पहलवान विजेता को 5 हजार 100 एवं उपविजेता को 3 हजार 100 रुपये समिति की तरफ से दिया जाएगा। कुश्ती प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रतिभागी मणिपुर बाबा विश्वनाथ संकट मोचन मंदिर के पास पहुंच संस्था से संपर्क कर सकते हैं। बैठक में प्रकाश साहू, अभय साहू, मोती ताम्रकार, भोला रक्सेल, पंकज चौधरी, सुनील साहू, समित मुंडा, चंद्र प्रताप सिंह, विशाल साहू, पिंटू साहू, सावन, श्रवण साहू, निशांत, विक्की, नितेश, पंकज मुंडा, उदय साहू, रमेश साहू, प्रदीप साहू, विकास साहू, बनाफर, गजानंद साहू, ननकु मुंडा, आयुष दुबे, ज्ञानचंद मुंडा, मनोज अग्रवाल, संजय साहू, संजू चटर्जी, चंदन, पप्पू साहू, बिट्टू मिश्रा, अंकित दास, मिथलेश, रुपेश साहू, सत्यम, आकाश, मोनू साहू सहित बड़ी संख्या में मोहल्ले वासी मौजूद रहे।

- बैठक में अनोखी सोच संस्था ने लिया निर्णय



## बाइक से गिरी वृद्धा की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** रोपा लगाने के पश्चात शाम को घर जाने के लिए बाइक पर बैठ रही वृद्धा अचानक सड़क पर गिर गई। परिजन वृद्धा को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम बरगवां निवासी लक्ष्मी देवी पति शिवनाथ सिंह (62 वर्ष) 22 जुलाई की शाम रोपा लगाने के पश्चात सामान लेकर रिश्तेदार की बाइक में बैठ रही थी। इसी दौरान अचानक सड़क पर गिर गई जिससे घायल हो गई। परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## जर्जर पुल से प्रभावित 90 स्कूली बच्चों के लिए राजापुर में खोला गया अस्थाई स्कूल

**बिश्रामपुर।** ग्राम कैलाशपुर व राजापुर के मध्य स्थित बेलसोता नाला पुल के लगातार बारिश की वजह से जर्जर स्थिति होने उपरांत आज सोमवार से राजापुर गांव में ही शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों का अध्यापन कार्य का शुभारम्भ कर दिया गया है।गौरतलब है कि ग्राम राजापुर व कैलाशपुर के मध्य स्थित बेलसोता नाला पर पीएमजीएसवाई अंतर्गत सड़क व पुल निर्माण कार्य करीब 22 वर्ष पूर्व कराया गया था,लेकिन पांच-छह दिन पूर्व लगातार बारिश की वजह से पुल में गहरी दरारें और दो पिल्लरों में क्रैक के साथ बीच की नींव धंस गई है, जिससे प्रशासन द्वारा तत्काल उक्त मार्ग पर आवागमन को बंद करा दिया गया है।ऐसी स्थिति में राजापुर गांव से हायर सेकेंडरी स्कूल कैलाशपुर पढ़ने जाने वाले बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो गई है।इसी तारतम्य में सोमवार को सुरजपुर बीईओ सुनील कुमार पोर्ते की उपस्थिति में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कैलाशपुर में पढ़ने वाले राजापुर गांव के कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के करीब 90 बच्चों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत राजापुर मिडिल स्कूल व पंचायत भवन के खाली पड़े कमरों में बैठाने की व्यवस्था कर शैक्षणिक कार्य शुरू करा दिया गया है।बताया गया है कि यहां पर फिलहाल चार शिक्षकों को भेजा गया है।ऐसी स्थिति में विषयवार शिक्षकों के लिए भी वैकल्पिक व्यवस्था कर बच्चों को पढ़ाने की जिम्मेदारी दिए जाने की बात कही जा रही है। साथ ही सुरजपुर बीईओ सुनील कुमार पोर्ते द्वारा पीएमश्री राजापुर स्कूल का भी निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया गया।ज्ञात हो कि बेलसोता नाला के पुल की जर्जर स्थिति के खतरे को भाँपते हुए प्रशासन द्वारा पुल के दोनों तरफ बांस व पेड़ की झाड़ियों की आड़ लगवाकर आवागमन बंद करा दिया गया है।इसके बावजूद कुछ जिद्दी ग्रामीणों द्वारा मनमाने तरीके से उक्त जर्जर पुल पर आवागमन किया जा रहा है।ऐसी स्थिति में यहां पर कभी भी जनहानी हो जाने का खतरा बना हुआ है।

- सूरजपुर बीईओ ने मौके का जायजा लेकर 4 शिक्षकों की नियुक्ति की है



## बिजनेस प्लस

### एडवांस एकेडमी में प्री एग्रीकल्चर टेस्ट की कक्षाएं 1 अगस्त से

**अंबिकापुर।** शहर की प्रतिष्ठित संस्था एडवांस एकेडमी द्वारा संचालित कृषि कोचिंग विगत 10 वर्षों से विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य का निर्माण कर रही है। हर वर्ष सैकड़ों छात्र यहां से प्रशिक्षण लेकर शासकीय कृषि महाविद्यालय में चयनित हो रहे हैं। संचालक प्रेम गुप्ता ने बताया कि बायोलॉजी, गणित एवं एग्रीकल्चर विषय के विद्यार्थी प्री-एग्रीकल्चर टेस्ट (पीएटी) की तैयारी कर शासकीय बीएससी एग्रीकल्चर कॉलेजों में प्रवेश पा सकते हैं। बनारस रोड जायका रेस्टोरेंट के सामने संचालित एडवांस एकेडमी में प्री एग्रीकल्चर टेस्ट की कक्षाएं 1 अगस्त से प्रारंभ हो रही है। संस्था में हिंदी व अंग्रेजी माध्यम से अलग अलग बैच संचालित किए जाएंगे। संस्था में फ्री स्टडी मटेरियल, फ्री टेस्ट सीरीज, अनुभवी शिक्षकों, फ्री यूनिफार्म व बैग की सुविधा उपलब्ध है।



## वन भूमि की फर्जी तरीके से बिक्री, एसडीएम ने की एफआईआर दर्ज करने की अनुशंसा

**अंबिकापुर।** कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर वन भूमि की रजिस्ट्री कराने के मामले में एसडीएम ने जांच उपरान्त प्राथमिकी दर्ज किए जाने की अनुशंसा की है। वन भूमि का फर्जीवाड़ा खुद वन विभाग के पूर्व एसडीओ ने किया था। एसडीएम ने यह कार्रवाई अधिवक्ता और आरटीआई कार्यकर्ता डॉ. डीके सोनी की शिकायत के बाद की है। उन्होंने बताया कि उदयपुर विकासखंड के ग्राम भकुरमा में 24 एकड़ शासकीय वन भूमी मौजूद है जिसका खसरा नंबर 713/2, 714, 715 एवं 716 रकबा 1.450, 0.801, 1.807 एवं 1.000 हेक्टेयर शासकीय वन भूमि है। वहीं भूमि खसरा नंबर 26/7 रकबा 2.671 हेक्टेयर एवं 26/5 रकबा 2.671 हेक्टेयर सेटलमेंट में बड़े झाड़ के जंगल के रूप में दर्ज है। इनमें से खसरा नम्बर 713/2, 714, 715 एवं 716 रकबा 1.450, 0.801, 1.807 एवं 1.000 हेक्टेयर को राजकुमारी पति राम नारायण द्वारा अजीत कुमार यादव आ. गोपाल राम क्रेता बौरीपारा निवासी अभिषेक मिश्रा आ. सुरेश नाथ मिश्रा को बेच दिया गया जबकि खसरा नंबर 26/ 7 एवं 26/5 को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मीना मिश्रा, सुरेश नाथ मिश्रा, अभिषेक मिश्रा द्वारा विक्रय पत्र लिखवाया गया। इस मामले की शिकायत कलेक्टर से की गई जिसके बाद कलेक्टर ने जांच के निर्देश उदयपुर एसडीएम को दिए थे। एसडीएम द्वारा जांच उपरान्त प्रतिवेदन कलेक्टर को भेजा गया है जिसमें यह स्पष्ट हुआ है कि उक्त भूमि फॉरेस्ट के सीपीटी गड्ढे से व मुनारा से लगा हुआ है तथा भूमि पर 295 नग वृक्ष पाए गए हैं जिसका उल्लेख विक्रय पत्र में नहीं किया गया। इस लापरवाही से शासन को आर्थिक क्षति हुई है। उक्त जांच के आधार पर शासकीय भूमि का विक्रय अभिलेखों में कूट रचना करने के मामले में तत्कालीन हल्का पटवारी ग्राम भकुरमा तहसील उदयपुर नीरज वर्मा, विक्रेता राजकुमारी पति नारायण , अजीत कुमार यादव आ. गोपाल राम यादव, क्रेता अभिषेक मिश्रा, सुरेशनाथ मिश्रा व मीरा मिश्रा के विरुद्ध सम्यक धाराओं में प्राथमिकी दर्ज किए जाने की अनुशंसा कर प्रकरण कलेक्टर को भेजा गया है। अब इस मामले में कलेक्टर के निर्देश पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवंआयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
100% CAMPUS PLACEMENT
रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
जी.ई. रोड, ग्राम – टेडेसरा
जिला– राजनांदगाँव (छ.ग.)
9300252200, 9300558500



तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. आशीश कुमार जायसवाल – जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी – MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय – MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह – जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. मनोज भारती – MBBS, MS हाइड्रोसील,बवासीर,हार्निया,फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित – MBBS, DNB (Ortho) MNAMS हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया – MBBS, MS(General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. भावना गार्डिया – स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.दामले – MS, ENT नाक कान गला रोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. नताशा शर्मा – स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा – एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. हिमांशु गुप्ता – MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. संगिता भारती – चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
डॉ. कमल नारायण गुप्ता – श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता – MBBS, DCH मुंबई शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य – जनरल फिजिशियन
डॉ. राहूल शामकांत जाधव – एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट
डॉ. सुरभि – BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख्य विशेषज्ञ
डॉ. आयुशी गुप्ता – न्युरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. मीना राव – आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट
डॉ. हेमलता साहू – फिजियोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें
07774222555, 9425583780, 9826183780
8224007799, 8718003300, 6262839090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध



## खबर संक्षेप

### बेयर हाऊस गोदाम में नौकरी और सड़क चौड़ीकरण की मांग, सौंपा ज्ञापन

**सूरजपुर।** जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव के नेतृत्व में ग्राम पंचायत पंडोनगर के ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर बेयर हाउस के गोदाम में नौकरी और सड़क



चौड़ीकरण की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। सौंपे गए ज्ञापन में बताया है कि पंडोनगर जहां 95 प्रतिशत आबादी पण्डो समाज की है। वहां बेयर हाऊस का गोदाम संचालित है। ग्रामीणों ने बताया कि गोदाम स्थापना से पहले यह जमीन उनके पास थी लेकिन पट्टा न होने के कारण प्रशासनिक दबाव में नौकरी देने का आश्वासन देकर उनकी जमीन खाली कराई गई। इसके बावजूद पण्डो समाज के किसी भी व्यक्ति को गोदाम में रोजगार नहीं मिला, जबकि बाहरी लोगों को वहां काम पर रखा गया है। साथ ही पंडो नगर और पहाड़गांव में स्थित दो बेयर हाऊस गोदामों के बीच सड़क की स्थिति जर्जर है। सिंगल रोड होने के कारण भारी वाहनों की आवाजाही से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आये दिन हादसे हो रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क का चौड़ीकरण तत्काल किया जाए ताकि आवागमन सुगम हो और हादसों पर अंकुश लगे। ग्रामीणों ने कलेक्टर से इस मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो पण्डो समाज बड़े स्तर पर आंदोलन करेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### पुलिस ने छात्रों को दी यातायात एवं साइबर क्राइम के संबंध में जानकारी



**सूरजपुर।** जिले के दूरस्थ अंचल मोहरसोप स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चौकी मोहरसोप एवं चौकी लटोरी पुलिस द्वारा हायर सेकेण्डरी स्कूल गंगापुर में छात्रों को न सिर्फ साइबर क्राईम, यातायात नियमों को समझाया, बल्कि वर्तमान दौर में साइबर ठग कैसे किसी व्यक्ति को अपने चंगुल में फंसा लेते है उसका डेमो देकर छात्रों को जागरूक किया। जागरूकता कार्यक्रम में एसडीओपी राजेश जोशी ने छात्रों को साइबर अपराधों से बचने, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और यातायात नियमों का पालन करने के महत्व के बारे में बताया। छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की गंभीरता समझाते हुए कहा कि बच्चे अपने परिवार के सदस्यों को भी सुरक्षित चलने के लिए प्रेरित करते है। साइबर अपराध, नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा और यातायात नियमों से अवगत कराते हुए कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग क्यों जरूरी है उसके बारे में विस्तार से बताया। चौकी प्रभारी मोहरसोप कमलेश पाठक ने नशे के दुष्परिणामों के बारे में प्रकाश डाला। चौकी प्रभारी लटोरी अरुण गुप्ता ने साइबर अपराध के बारे में बताते हुए छात्रों को सोशल मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने में सावधानी बरतने और अजनबियों से दोस्ती करने से पहले सावधानी बरतने की सलाह दी। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक सहित स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### घर पर गिरा विशाल इमली पेड़, बाल-बाल बचे लोग



**रजपुरीकला।** ग्राम पंचायत पुहपुटरा में शनिवार की सुबह उस समय अफरा-तफरी की स्थिति बन गई जब बारिश के दौरान एक घर पर विशाल इमली का पेड़ गिर गया। ग्राम पंचायत पुहपुटरा वार्ड क्रमांक 19 निवासी सुरेश पैकरा आ. स्व. लिवर साय शनिवार की सुबह परिवार के साथ घर में था। इसी दौरान सुबह 8 से 9 बजे के बीच हुई मूसलाधार बारिश के दौरान सुरेश पैकरा के कच्चे मकान पर एक विशाल इमली का पेड़ गिर गया। जिस समय पेड़ घर पर गिरा उस समय सुरेश पैकरा के अलावा परिवार के हीरामणि (28 वर्ष), ललिता (25 वर्ष), चरित्र मनी (22 वर्ष), सविता (20 वर्ष) सभी घर में मौजूद थे। घर के जिस हिस्से में पेड़ गिरा उस हिस्से के बजाए दूसरे हिस्से के कमरे में घर के लोग थे जिससे बाल-बाल बच गए। परिजन ने गांव के लोगों की मदद से तत्काल घटनास्थल से मलबा हटाया जिससे ग्रामीणों की तत्परता से बड़ी जनहानि टल गई। इधर घटना की जानकारी पर पटवारी मौके पर पहुंचे पंचनामा तैयार किया। पंचनामा रिपोर्ट तहसील कार्यालय व एसडीएम कार्यालय में जमा कर दिया गया है और प्रभावित परिवार को सहायता दिलवाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।

## अन्य ग्रामीण सड़कें भी हुई बदहाल

# भारी बारिश के बाद दलदल में तब्दील हुई सरईडीह-दुंदु सड़क, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश के कारण ग्रामीण सड़कों की हालत बदतर हो गई है। ग्राम सरईडीह-डूमरडीह की सड़क ओवरलोड ट्रकों के चलने से पूरी तरह उखड़ गई है तथा सरईडीह-दुंदु के बीच सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे एवं दलदल बनने के कारण आवागमन मुश्किल हो गया है। यही हाल कुदर-कोरवापारा सड़क का है। जगह-जगह जलजमाव होने के कारण गांव की कच्ची सड़क बेहद खतरनाक हो गई है।

**खास बात**

- गड्ढों एवं दलदल में फंसकर बाइक सवार हो रहे घायल

लोक निर्माण विभाग द्वारा तीन साल पूर्व सरईडीह से डूमरडीह तक सड़क का निर्माण किया गया था। हाल-हाल तक सड़क से लोग सुचारू तरीके से आवागमन कर रहे थे। कहीं सड़क के उखड़ने एवं गड्ढा होने की भी शिकायतें नहीं मिली थी लेकिन लगातार बारिश होने के बाद सरईडीह से दुंदु तक की 2 किमी लम्बी सड़क बेहद खतरनाक हो गई है। सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए है तथा पूरी सड़क दलदल में तब्दील हो गई है। इसी सड़क से दूरस्थ ग्राम सपड़ान मेडिया सहित आसपास के क्षेत्र के 10 गांवों के लोग आवागमन करते हैं। इन गांवों से आवागमन का दूसरा वैकल्पिक मार्ग नहीं होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दोपहिया सवार आए दिन दलदल में फंसकर दुर्घटना का शिकार बन रहे हैं। हालत यह है कि 2 किमी लम्बी जर्जर सड़क को पार करने में एक घंटे का समय लग जा रहा है तथा मामूली सी चूक होने पर लोग गिरकर घायल हो जा रहे हैं। इसी मार्ग से स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी एवं शासकीय कर्मचारी सफर करते है। समय पर स्कूल – कॉलेज एवं अपने कार्यालय पहुंचने के लिए लोगों को एक घंटे पूर्व अपने घरों से निकलना पड़ रहा है। बरसात होने के कारण अभी जर्जर सड़क का निर्माण संभव नहीं है, क्षेत्रवासी जर्जर सड़क में मुरूम अथवा स्टोन डस्ट बिछाने की मांग कर रहे हैं ताकि आवागमन बाधित न हो। क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि हाल-हाल तक सड़क ठीक थी। ग्राम सरईडीह में सीसी सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद ठेकेदार द्वारा भारी मात्रा में गिट्टी का संग्रहण किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा हाइवा से ओवरलोड गिट्टी परिवहन कराने से सरईडीह-दुदुं के बीच की सड़क देखते ही देखते दबने लगी तथा बारिश के दौरान उखड़कर दलदल में तब्दील हो गई। बारिश होने पर पहाड़ों का पानी पहुंचने से सड़क पर पानी भर जाता है देर तक बारिश का पानी बहते रहता है। इस दौरान दोपहिया वाहनों के आवागमन से कच्ची सड़क दलदल में तब्दील हो जाती है। आवागमन बाधित होने पर ग्राम पंचायत द्वारा कई बार मुरूम एवं स्टोन डस्ट भरवाने की पहल की गई लेकिन कुछ ग्रामीण मुरूम भरवाने की जिद पर अड़े है जिसके कारण सड़क की हालत नहीं सुधर रही है। उप सरपंच प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा ग्रामीणों की सुविधा के लिए दोबारा सड़क की मरम्मत कराई जा चुकी है। हाल ही में वार्ड पंच को समतलीकरण के लिए जेसीबी एवं मुरूम परिवहन के लिए टीपर उपलब्ध कराया गया था लेकिन वार्ड पंच ने सड़क मरम्मत न कराकर मंदिर तक की सड़क की मरम्मत करा दी। पंचायत द्वारा डब्ल्यू एमएम एवं स्टोन डस्ट भरवाने एवं नाली निर्माण कराने की पहल की गई तो कुछ ग्रामीण खेतों में स्टोन डस्ट भरने का हवाला देकर मुरूम भरवाने की मांग करने लगे। पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण हर साल इसी तरह की स्थिति निर्मित हो जाती है। उन्होंने बताया कि सड़क पर जीएसबी भरवाने के लिए ग्रामीणों को समझाईश दी जा रही है।



दलदल के बीच आवागमन करते बाइक सवार।

### कुदर-कोरवापारा सड़क बदहाल

लगातार बारिश होने से ग्राम कुदर से कोरवापारा तक की कच्ची सड़क बेहद खतरनाक हो गई है तथा सड़क पर जगह-जगह दलदल बनने एवं जल जमाव होने के कारण आवागमन मुश्किल हो गया है। क्षेत्र के ग्रामीण लम्बे समय से सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं। क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ.प्रीतम राम की पहल पर लोनिवि द्वारा ग्राम कुदर से कोरवापारा, बबौली के रास्ते धौरपुर-राजपुर मार्ग तक सीसी निर्माण का सर्वे कर प्रस्ताव शासन को भेजा गया था स्वीकृति के अभाव में सड़क का निर्माण नहीं हो सका जिसके कारण कच्ची सड़क से ही ग्राम डामाकुण्डा, यादव पारा व कोरवापारा के ग्रामीण आवागमन करते है।

### इन गांवों को समस्या

सरईडीह-दुंदु सड़क की बदहाली से ग्राम दुंदु, छेरमुण्डा, डेऊरी, कछार, डूमरडीह, ककनी, रवई, चितरपुर, सपड़ा एवं भेडिया के ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। किसी के गंभीर रूप से बीमार पड़ने पर परेशानी और अधिक बढ़ जाती है। क्षेत्र के सब्जी उत्पादक किसान इसी मार्ग से अपने उत्पादों को अम्बिकापुर मंडी ले जाते है। समय पर मंडी में सब्जियां नहीं पहुंचने पर किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

### चल रही मरम्मत की पहल

क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत की पहल प्रारंभ कर दी गई है। सुरक्षित आवागमन के लिए बोल्डर का बेस तैयार करने के बाद जीएसबी से सड़क का समतलीकरण किया जाएगा। तीन-चार दिन में सड़क की मरम्मत पूरी कर दी जाएगी।

-प्रकाश सिन्हा, एसडीओ, लोनिवि



## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भारी लापरवाही, नदारद रहे चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा का लाभ क्षेत्र के लोगों को उपलब्ध हो तथा समय पर मरीजों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिल सके इसके मद्देनजर रामानुजनगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना की गई है। हैरानी की बात यह है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के संचालन में हो रही लापरवाही का खामियाजा अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। बीती रात प्रसव पीड़ा बढ़ जाने पर परिजन प्रसूता को अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन अस्पताल में चिकित्सक सहित नर्स नदारत मिले जिससे परिजन प्रसव पीड़ा बढ़ जाने से दाई से प्रसव कराए। हालांकि जच्चा बच्चा खतरे से बाहर है। परिजन का आरोप है कि अस्पताल में लापरवाही वाही बरत गई जिससे प्रसूता की जान भी जा सकती थी।

- अस्पताल में चिकित्सक के बजाए परिजन ने दाई से कराया प्रसव, जच्चा बच्चा स्वस्थ
- परिजन ने लगाया लापरवाही का आरोप

रामानुज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है। ग्राम पंचायत बरहोल निवासी ममता यादव (26 वर्ष) को शनिवार देर रात प्रसव पीड़ा होने पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुज नगर लेकर पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में उस समय कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था और मात्र एक नर्स ड्यूटी पर थी, जिसने सहायता करने से साफ मना कर दिया। इधर नर्स ने प्रसूता की हालत को देख परिजन से कहा कि डॉक्टर आएंगे तो कुछ होगा, मेरे बस की बात नहीं है। इस दौरान ममता यादव दर्द से तड़पती रही। मजबूरीवश परिजन ने गांव की एक दाई से प्रसव कराया। गनीमत रही कि जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। घटना की सूचना परिजन ने तत्काल पूर्व जनपद सदस्य अभय गुप्ता को दी। अभय गुप्ता ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल रामानुजनगर के एसडीएम अजय मोडीयम को जानकारी दी। इसके बाद बीएमओ को निर्देशित किया गया और डॉक्टर की व्यवस्था की गई, लेकिन तब तक प्रसूता का प्रसव हो गया था। उसी रात एक और मामला सामने आया जहां पुष्पा साहू (26 वर्ष) को भी प्रसव पीड़ा अधिक होने पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आए जहां उसकी भी डिलीवरी बिना डॉक्टर के कराई गई। सौभाग्य से पुष्पा और नवजात दोनों स्वस्थ हैं, लेकिन यह घटना भी लापरवाही की पुष्टि करती है।

### किया गया है नोटिस जारी

अस्पताल के स्टाफ द्वारा लापरवाही बरती गई है। संबंधित स्टाफ पर कार्रवाई करते हुए उन्हें नोटिस जारी कर दिया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसी घटना दोहराई नहीं जाएगी।

-डॉ. प्रियंका शर्मा, बीएमओ

## कलेक्टर ने ली महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर एस जयवर्धन ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, महतारी वंदन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को पोषण कार्यक्रमों में सुधार लाने, कुपोषित बच्चों की पहचान एवं पुनर्वास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।



बैठक में गंभीर कुपोषित बच्चों की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केंद्र एनआरसी, आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली तथा प्री-स्कूल शिक्षा की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सभी सीडीपीओ एवं सुपरवाइजरों को फील्ड निरीक्षण कर आंगनबाड़ी केंद्रों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। समय पर न खुलने वाले केंद्रों की जानकारी लेकर संबंधित सुपरवाइजरों को कारण बताओ नोटिस जारी करने और आवश्यकतानुसार सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पदों की शीघ्र भर्ती की आवश्यकता जताते हुए निर्देश दिए कि भर्ती प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए, ताकि पोषण और बाल विकास कार्यों में गति लाई जा सके। सुकन्या समृद्धि योजना की समीक्षा में कलेक्टर ने बालिकाओं के लिए समय पर खाता खोलने और अभिभावकों को जागरूक करने तथा बाल विवाह की रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी, परियोजना अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बारिश के तेज बहाव में एक दर्जन से अधिक किसानों की 20 एकड़ की फसल तबाह

**अम्बिकापुर।** चार दिनों पूर्व मैनपाट में हुई भारी बारिश के दौरान तेज बहाव में पहाड़ की मिट्टी कटकर धान के खेतों में भर गई है। मिट्टी कटाव से ग्राम समनिया एवं सिकरिया के एक दर्जन से अधिक किसानों की धान की फसल तबाह हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी के तेज बहाव में पहाड़ की मिट्टी कटकर खेतों में भरने लगी तथा मिट्टी के नीचे धान की फसल दबकर दूरी तरह नष्ट हो गई है। ग्रामीण मिट्टी कटाव होने से एक दर्जन से अधिक किसानों की फसल तबाह होने की बात कह रहे है। गांव के प्रेमसाय आ.जुगू, अजीत आ.खोडे, राजनुस आ.बोले, कसिया आ.जगा, संजू आ.नंदुवा, फिलिस आ.बोधा, बबिल आ.जग्गू सहित अन्य किसानों की फसल तबाह हो गई है। प्रभावित ग्रामीणों ने शासन से मुआवजा देने की मांग की है।

## सनकी भतीजे ने टांगी से चाचा पर किया हमला, मौत

**अम्बिकापुर।** सनकी नशेड़ी भतीजे ने पहले न सिर्फ सो रहे चाचा पर टांगी से वार किया बल्कि जानलेवा हमला करने के बाद खुद ही थाने में जाकर आत्मसमर्पण कर दिया। इधर टांगी से जानलेवा करने से गंभीर हुए चाचा की निजी अस्पताल में मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

- घटना के बाद थाने में किया आत्मसमर्पण

जानकारी के अनुसार बलरामपुर जिले के पस्ता थाना अंतर्गत ग्राम पकराडीह निवासी राम किशुन पैकरा आ.बिगन पैकरा (60 वर्ष) 22 जुलाई को घर पर सो रहा था। इसी दौरान भतीजा रामप्रित पैकरा नशे की हालत में उसके घर पहुंचा और शोर मचाने के साथ ही चचेरा भाई से मोबाइल मांगा। जिस पर भाई ने शो नहीं मचाने की बात कहकर मोबाइल उसे दे दिया। कुछ समय बाद रामप्रीत पैकरा घर में रखे टांगी से सो रहे चाचा के गर्दन व सीने पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे चाचा गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर परिजन कुछ समझ पाते इससे पहले ही रामप्रीत थाने में जाकर आत्मसमर्पण करने के बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं परिजन टांगी से जानलेवा करने से गंभीर हुए वृद्ध को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन घायल को रायपुर अस्पताल में भर्ती कराया जहां ग्रामीण की हालत में सुधार नहीं होने पर चिकित्सकों ने वापस ले जाने की बात कही। परिजन गत दिन घायल को शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन सुपुर्द कर अग्रिम कार्रवाई के लिए डायरी संबंधित थाने भेज दिया है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट



- बोटाक्स फिलर
- थ्रेड लिफ्ट
- स्किन पॉलिशिंग
- लेज़र फेशियल

Ajay Advt.
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060

## बसकर में बदहाल रास्ता, स्कूल जाना हुआ मुश्किल

**भैयाथान।** ग्राम पंचायत बसकर के नागमुड़ा क्षेत्र में स्टेट हाईवे क्रमांक 12 की मुख्य सड़क से साहूपारा तक जाने वाला एकमात्र मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। यह रास्ता तालाब की मेड़ से होकर गुजरता है, जो बारिश के चलते कीचड़ और दलदल में तब्दील हो गया है। इस मार्ग पर लगभग चार परिवारों का आवागमन निर्भर है, जिनमें छोटे बच्चे, विद्यार्थी बुजुर्ग और महिलाएं शामिल हैं।

- प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग



बसकर साहूपारा के ग्रामीण लगभग 75 वर्षों से निवासरत हैं लेकिन बारिश के दिनों में आवागमन की समस्या विकराल रूप ले लेती है। बच्चों के स्कूल जाने की राह मुश्किल हो गई है वहीं बीमार व्यक्तियों को अस्पताल ले जाना भी चुनौती बन गया है। मार्ग पर कुछ ग्रामीणों की निजी भूमि होने के कारण रास्ता नहीं बन पा रहा है। गांव के परमेश्वर साहू ने बताया कि बारिश में पूरा रास्ता कीचड़ से भर जाता है जिससे बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग फिसल जाते हैं। यह स्थिति अब सिर्फ स्थानीय समस्या नहीं बल्कि मानवाधिकार और बच्चों के शिक्षा के अधिकार का भी उल्लंघन बनती जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सुशासन तिहार के दौरान ग्रामीणों ने आवेदन देकर इस समस्या को उठाया था लेकिन रास्ता निजी भूमि पर होने के कारण स्थायी निर्माण नहीं हो सका। भूमि मालिक की अनुमति के अभाव में पंचायत और प्रशासन दोनों ही रास्ता बनवाने में असमर्थ है। इस संबंध में सरपंच सुरेश सिंह ने बताया कि मार्ग निजी भूमि पर है। हालांकि रास्ता वर्षों से उपयोग में है। ग्राम सभा व प्रशासन की अनुशंसा से इसे सार्वजनिक उपयोग हेतु दर्ज किया जा सकता है। पंचायत समन्वय की भूमिका निभाएगी ताकि किसी की संपत्ति का नुकसान न हो और नागरिकों को सुविधा भी मिल सके।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# सत्य सांईं प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा का नगरवासियों ने किया दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

श्री सत्य साईं बाबा के शताब्दी वर्ष के अवसर पर भारतवर्ष में आध्यात्मिक चेतना के तहत प्रशांति निलयम,आंध्र प्रदेश से पांच दिशाओं में निकली श्री सत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी दिव्य रथ यात्रा ने उत्तर भारत की ओर बढ़ते हुए सूरजपुर, बैकुंठपुर होते हुए शनिवार को कुम्दा कालोनी में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।कुम्दा कालोनी पहुंचते ही साईं भजन मंडली के सदस्यों ने भव्य स्वागत करते हुए मंत्रोच्चारण और आरती के साथ रथ का अभिनंदन किया। दिव्यता से परिपूर्ण यह रथ यात्रा न केवल भक्तों के लिए एक आध्यात्मिक मिलन का अवसर बना, बल्कि नगरवासियों के लिए भी भक्ति, प्रेम और सेवा से जुड़ने की प्रेरणा बन गया।

- जगह-जगह हुआ स्वागत




रथ आगमन के अगले दिन 27 जुलाई की सुबह 5 बजे से 21 बार ओंकारम, सुप्रभातम एवं प्रभात फेरी का आयोजन हुआ।रथ के समक्ष भजन,आरती और ध्यान का समर्पित माहौल रहा। दोपहर 3 बजे नगर के साईं धाम से पूजा-अर्चना पश्चात रथ को नगर में शोभायात्रा के रूप में निकाला गया।यात्रा का गायत्री मंदिर के पास गायत्री शक्तिपीठ के सदस्यों ने मंत्रोचारण,आरती और पुष्प वर्षा के साथ रथ का स्वागत किया।रथ यात्रा माईनस कॉलोनी,मुख्य मार्केट में हनुमान मंदिर के पास,अय्यप्पा मंदिर व जगन्नाथ मंदिर में समिति द्वारा रथ का स्वागत आतिशबाजी और आरती के साथ किया गया।रात्रि में रथ साईं मंदिर पहुंचा, जहां पुष्प वर्षा और भजन-आरती से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। साईं भक्तों ने घरों में निर्मित 56 भोग मंत्रों के साथ साईं बाबा को अर्पित किया गया।28 जुलाई को दिव्य रथ ने तेलईकछार एवं सपकरा में भ्रमण किया।29 जुलाई को अंबिकापुर और 30 जुलाई को वाड्रफनगर होते हुए उत्तर प्रदेश प्रस्थान करेगी।इस रथ यात्रा में अब तक 200 से अधिक साईं भक्त नियमित रूप से सहभागी रहे हैं।

### श्री सत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ का आगमन आज

**अम्बिकापुर।** श्री सत्य साई बाबा के जन्मोत्सव के शताब्दी वर्ष में सत्य साई सेवा संगठन द्वारा सत्य साई प्रेमरथ का देशभर में भ्रमण कराया जा रहा है। वर्तमान में रथ छत्तीसगढ़ में है, मंगलवार को यह शहर में पहुंचेगा। सर्वधर्म समभाव से प्रेरित रथयात्री मानव सेवा ही माधव सेवा को चरितार्थ करते हुए शहर में भ्रमण करेगी। रथ के आगमन की तैयारियों में सत्य साई सेवा समिति के सदस्य लगे है। रथ सूरजपुर से वनवासी कल्याण आश्रम पहुंचेगा जहां सहस्त्र दीपों से आरती उतारकर स्वागत किया जाएगा। रथ शहर के अम्बेडकर चौक, गांधी चौक, घड़ी चौक, देवीगंज रोड, संगम चौक, महामाया चौक, स्कूल रोड, बंगाली चौक, प्रतापपुर चौक, रेडियो स्टेशन चौक, नवापारा का भ्रमण करते हुए गांधी नगर साईं मंदिर पहुंचेगा जहां आरती एवं भजन-पूजन पश्चात साईं बाबा कॉलेज में रात्रि विश्राम उपरांत दूसरे दिन सुबह वाड्रफनगर के लिए प्रस्थान करेगा।




online Booking:-www.tripuryatra.com




11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411